हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री



## विधायक ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**साजा।** अंचल में आज धान खरीदी के प्रथम दिन सोसाइटी में तराजू बार्ड की पूजा अर्चना कर खरीदी प्रारंभ की गई। साजा समिति के अंतर्गत डोंगीतराई मंडी प्रांगण में विधायक ईश्वर साहू ने पूजा अर्चना कर खरीदी प्रारंभ करवाई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कमल राठी, समिति प्रबंधक प्रहलाद सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा और तहसीलदार मानकर सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पूजा अर्चना के साथ हुआ धान खरीदी का शुभारंभ



**साजा।** सेवा सहकारी समिति भरदा पं कं 362 अध्यक्ष सनत साहू ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी प्रारंभ करवाई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पुरजीत साहू, सरपंच प्रतिनिधि विजय साहू, सरपंच बरगडा शेष नारायण बोहरा, पूर्व अध्यक्ष पंकज राठी, तोपसिग राजपूत,हिरुऊ राम साहू, ठाकुर प्रसाद साहू, ठाकुर राम गुरुजी, आनंद राम शिवकुमार साहू, परेटन साहू, धनेश साहू सहित किसान भाई उपस्थित रहे।

## धान खरीदी का हुआ शुभारंभ



**साजा।** सेवा सहकारी समिति मोहगांव में अध्यक्ष त्रिलोकी साहू ने किसान शुकवारो साहू का स्वागत कर प्रथम धान खरीदी की। बोहनी के इस अवसर पर ढाल सिंह साहू, भूषण साहू, टिकेश्वर साहू, चित्रकांत शर्मा, योगेश सहित किसान उपस्थित रहे।

## श्रीफल तोड़कर किया धान खरीदी का शुभारंभ



**साजा।** सेवा सहकारी समिति ठेलका पंजीयन क्रमांक 1230 में धान खरीदी का श्रीफल तोड़कर शुभ आरंभ किया गया। प्राधिकृत अध्यक्ष पूरनलाल साहू, बैंक मैनेजर संजय चौबे, सुपरवाइजर हेमंत तिवारी एवं दाऊराम साहू उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर गिरीश ने दी बधाई



**बेमेतरा।** बिहार में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं निर्णायक विजय पर भाजपा युवा नेता गिरीश 'बिट्टू' शर्मा ने बिहारवासियों सहित प्रदेश एवं देशभर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत करार देते हुए कहा मोदी की जो लहर पूरे देश में है, वही उत्साह और विश्वास बिहार में भी देखने को मिला है। जनता ने फिर एक बार सुशासन, विकास और स्थिरता के लिए एनडीए को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत संकल्प की ओर निरंतर प्रगति कर रहा है और जनता इसका सकारात्मक परिणाम देख रही है।

### एफएलएन मेला आयोजित

**कोकपुर।** प्राथमिक शाला जरहामहका में एफएलएन मेला का आयोजन हुआ। शाला परिसर में एक स्टॉल एक अवधारणा के तहत शिक्षिका चमेली देवांगन, सरोज कोठरे ने -हिंदी, गणित, अंग्रेजी के स्टाल लगाए थे। करके देखबो- सीख के रहिबो थीम पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य सीमा यादव ने की। विशिष्ट तिथि राजकुमार सिन्हा, तुलाराम सिरमौर, पुष्पा सिन्हा, बुधराम कंवर, टुमनलाल सेन, घनश्याम साहू, अश्विन साहू, एबीईओ प्रहलाद साहू थे।

### पहले दिन 17 केंद्रों में 1844 क्विंटल खरीदी, जिले में है 129 खरीदी केंद्र

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शानदार शुरुआत, किसानों का उत्साह बढ़ा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धान खरीदी सीजन 2025–26 की शुरुआत बेमेतरा में जोरदार रही। किसान समय पर पहुंच गए, केंद्रों में उनकी आवक भी रही, तुलाई भी सही चली, लेकिन मजेदार बात यह रही कि खरीदी तो किसानों ने समय पर पहुँचे होकर कराई, जबकि कुछ जिम्मेदार कर्मचारियों का 'समय पर पहुँचना' आज भी प्रशासन की सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। जिले के 129 उपार्जन केंद्रों में से पहले दिन महज 17 केंद्रों में ही खरीदी शुरू हो पाई, लेकिन इन गिने-चुने केंद्रों में भी किसानों का उत्साह इतना रहा कि कुल 1844.60 क्विंटल धान का उपार्जन हो गया। हालांकि सोमवार से सभी केंद्र में धान खरीदी होने की बात प्रशासन द्वारा कही जा रही है।

- टोकन सिस्टम से किसानों को सुविधा, अनुपस्थित कर्मचारियों की हुई बर्खास्तगी
- कर्मचारियों की लापरवाही पर प्रशासन सख्त

खरीदी केंद्रों पर किसानों की सक्रिय भागीदारी दिखी, पर प्रशासन का अनुशासन कुछ जगह ढीला नजर आया। सेवा सहकारी समिति बेमेतरा में कृषक रामकुमार व संतु राम ने 26 क्विंटल 40 किलो धान बेचकर खरीदी की शुरुआत कराई, वहीं टकसिवा में किसान चंद्रप्रकाश ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 10 एकड़ से अधिक ज़मीन वाले किसानों को ही मिलेंगे 3 टोकन

- **बड़े किसान:** 10 एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों को अधिकतम 3 टोकन मिलेंगे।
- **छोटे किसान:** 2 से 10 एकड़ जमीन वाले किसानों को अधिकतम 2 टोकन मिलेंगे।
- **सीमान्त किसान:** 2 एकड़ या उससे कम ज़मीन वाले किसानों को अधिकतम 1 टोकन मिलेगा।
- **टोकन लेने की प्रक्रिया:** किसान तुंहर टोकन मोबाइल ऐप से सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ऑनलाइन टोकन ले सकते हैं।
- **टोकन की वैधता:** एक बार जारी किया गया टोकन अगले सात दिनों तक मान्य रहेगा।

### किसान प्रतिभा वर्मा से 34 क्विंटल धान खरीद कर की गई अभियान की शुरुआत

**बेमेतरा/बेरला।** राज्य शासन द्वारा जिले में 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सबसे बड़ा अभियान शुरू हो गया है। किसान हित में राज्य सरकार का लगभग ढाई महीने तक चलने वाला यह सबसे बड़ा अभियान है। खरीदी 15 नवम्बर से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

सेवा सहकारी समिति बारगांव में धान बेचने के लिए टोकन कटाने वाले किसान धान लेकर बेचने पहुंचे। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री व सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम ज्योतिष आचार्य शेषनारायण पांडेय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बाट की विधिवत पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात मटिया के किसान प्रतिभा वर्मा का धान मापन कर खरीदी अभियान शुरू किया।



#### एप के जरिए मिलेगा टोकन

अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किया गया। तुंहर टोकन एप के जरिए टोकन कटाने की सुविधा मिली है जो बहुत उपयोगी है। लम्बी लाइन से हमें राहत मिलेगी। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जाएगी। तौल में गड़बड़ी की आशंका को दूर रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा का उपयोग किया किया ▶▶|शेष पेज 11 पर

### नहीं होनी चाहिए 17 प्रतिशत से ज्यादा नमीं

धान खरीदी प्रति सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक की जाएगी। शासकीय अवकाश के दिन खरीदी बंद रहेगी। धान में 17 प्रतिशत से ज्यादा नमीं नहीं होनी चाहिए। किसानों को अपना धान सूखाकर एवं अच्छी तरह से साफ करने बेचने लाने का अनुरोध किया है। केवल पंजीकृत किसानों से उन्हें जारी टोकन के अनुसार धान खरीदा जाएगा।

### तुंहर एप पर मिलेगा टोकन

तुंहर एप के जरिए ही किसान धान बेचने के लिए टोकन ले पाएंगे। इसके लिए लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। इसके लिए ही तुंहर टोकन लॉन्च किया गया है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए किसानों को पहले आधार कार्ड के जरिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रविवार से शुक्रवार के दिन सुबह 8 से 5 बजे तक आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी, जिसके जरिए किसान खरीदी के लिए टोकन बना सकेंगे। 30% टोकन समितियों (सोसाइटी) में उपलब्ध रहेंगे ताकि सभी वर्ग के किसान धान विक्रय के लिए आवेदन कर सकें।

## बेमेतरा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बेमेतरा आगमन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने उनका गरमजोशी से स्वागत किया। स्वागत के पश्चात राजेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जनहित को केंद्र में रखकर चलाई जा रही योजनाओं ने गांव, किसान, महिला और युवा वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश नई ऊर्जा के साथ विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

- पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने किया गरमजोशी से अभिनंदन
- किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव की चर्चा

ग्रामीण ढाँचे के सुदृढ़ीकरण, सड़क–बिजली–पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं में तेज सुधार तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार से आमजन में भरोसा और उत्साह दोनों बढ़ा है। राजेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री को बेमेतरा क्षेत्र में किसानों के धान कटाई एवं उनके उत्पादन के बारे में बताते हुए कहा कि इस बार फसल बहुत बढ़िया है। मुख्यमंत्री ने भी बेमेतरा की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है तथा विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही उनका संकल्प है।



## बेमेतरा में मतदाता सूची में झोल बीएलओ फार्म वितरण में पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश के 12 राज्यों में जारी एसआईआर यानि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में भी सभी मतदाताओं की जानकारी जुटाई जा रही है, लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान कई प्रकार की समस्याएं भी देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां प्रक्रिया शुरू होने के दस दिन बाद भी आधे घर में बीएलओ द्वारा फार्म नहीं पहुंचाए जा सके हैं। वहीं 2003 की सूची में अपना नाम खोजना भी मतदाताओं के लिए टेढ़ी खीर बन गया है।

- दस दिन बीतने के बाद भी आधे घरों तक फार्म नहीं पहुंचे

मतदाता अपनी जानकारी के लिए पार्षदों को फोन कर रहे हैं। जिससे पार्षदों का काम भी बढ़ गया है। वहीं दूसरे राज्य एवं जिले में शादी कर शहर व गांव आई महिलाओं को सर्वाधिक दिक्कतें देखने को मिल रही है। उन्हें 2003 की सूची से अपना मतदाता क्रमांक देना अनिवार्य है, ऐसे में उन्हें उस क्रमांक के लिए जद्दोजेहद करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासनिक स्तर से यह कहा जा रहा है कि बीएलओ हर मतदाता को फार्म भरने में मदद करेगा, लेकिन अब तक बीएलओ अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए हर घर में सदस्यों के अनुसार फार्म छोड़ने का ही काम कर रहे हैं। जबकि निर्वाचन आयोग ने यह साफ कर दिया है कि बीएलओ स्तर के कर्मचारी हर घर में कम से कम तीन बार दस्तक देंगे।



### सूची ऑनलाइन, फोन पर दिखेगा नाम

हालांकि निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए 2003 की मतदाता सूची को अपने ऑनलाइन पोर्टल में डाल दिया है। वोटर घर बैठे ही निर्वाचन आयोग की वेबसाईट पर जाकर अपना नाम खोज सकते हैं। हालांकि इसके लिए मतदाताओं को 2003 में उनके मतदान केंद्र की जानकारी होना चाहिए।

### अदम्य साहस, अटूट संकल्प, धर्म-रक्षा और सामाजिक–एकता का प्रतीकः तिवारी

# नवागांव बेरला में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुनदेव जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

नवागांव में भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुनदेव जयंती एवं सहस्त्रबाहू जयंती समारोह बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता श्री योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उनका गांव के सामाजिक सदस्यों, सिन्हा समाज और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में समाजजन, युवा और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

इस दरमियान पूजा-अर्चना के बाद समाज के युवाओं द्वारा सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुनदेव अदम्य साहस, अटूट संकल्प, धर्म-रक्षा और समाज–एकता के दिव्य प्रतीक हैं। उनका आदर्श चरित्र हमें यह संदेश देता है कि जब मनुष्य सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर अडिग रहता है, तो उसका जीवन स्वयं समाज के लिए प्रकाश–स्तंभ बन जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहू का लोककल्याणमय जीवन हम सभी को सेवा, त्याग, अनुशासन और समर्पण की भावना से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देता है। आज का यह भव्य आयोजन न सिर्फ हमारे सांस्कृतिक गौरव को पुनर्जीवित करता है, बल्कि समाज में एकता, सौहार्द और संगठन शक्ति को भी सुदृढ़ बनाता है।श्री तिवारी ने समाजजनों, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा आप सभी का सहभागी भाव, संस्कार और समर्पण ▶▶|शेष पेज 11 पर






## खबर संक्षेप

### बदना स्कूल में पदस्थ शिक्षक की मौत

**कवर्धा।** कुकदूर शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल बदना में पदस्थ शिक्षक मनोज कुमार नागवंशी अपने कुकदूर स्थित किराए के मकान में मृत पाए गए। वे 2011 से शिक्षाकर्मी वर्ग-2 के पद पर सेवाएं दे रहे थे। जानकारी के अनुसार, मनोज नागवंशी कुई में आयोजित जोन स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में लगातार पहले और दूसरे दिन ड्यूटी पर उपस्थित रहे। लेकिन समापन दिवस पर वे नहीं पहुंचे। इसके बाद सहकर्मियों को चिंता हुई। शुक्रवार सुबह दरवाजा खोलने पर सोफे पर बैठे अवस्था में मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मनाई गई गजानन माधव मुक्तिबोध जयंती

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गत दिनो गजानन माधव मुक्तिबोध जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक विवेक चौहान ने की। उन्होंने मुक्तिबोध के जीवन चित्रण व उनकी प्रेरणादायक उपन्यास कहानी कविता इत्यादि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्रवाई : पुलिस की सतर्कता से जिला सहकारी बैंक में चोरी का बड़ा प्रयास विफल

# कुण्डा बैंक में चोरी करते आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा/कवर्धा

कुण्डा पुलिस के गस्ती दल की सक्रियता के चलते स्थानीय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में चोरी की बारदात को अंजाम देने की जुगत भिड़ा रहे एक आरोपी को पुलिस ने बारदात के पूर्व ही दबोचने में सफलता हांसिल की है। गिरफ्तार में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है और अब उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानीरात करीब 2.00 बजे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कुण्डा में चोरी का प्रयास करने वाले एक व्यक्ति को थाना कुण्डा की तत्परता से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस की सक्रिय गश्त और संदेहास्पद परिस्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बैंक की तिजोरी और सुरक्षा व्यवस्था को बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया। बताया जाता है कि रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान आरक्षक संजय मेरावी और आरक्षक जितेन्द्र जायसवाल नियमित गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान उन्होंने देखा कि बैंक की लाइटें बंद हैं और मुख्य भवन के अंदर अंधेरा है, जो अत्यंत संदिग्ध प्रतीत हुआ। दोनों ने तत्काल इसकी सूचना थाना कुण्डा के अन्य स्टाफ को दी। पेट्रोलिंग टीम की यही सतर्कता आगे की पूरी कार्रवाई का मुख्य कारण बनी। आरक्षकों की सूचना पर एसआई जयराम यादव, एचसी भोला यादव, राखेलाल सोनकर, अरुण बघेल, विवेक प्रताप सिंह, सी सुराज नेताम और जयंत पटेल सहित कुण्डा पुलिस की टीम तुरंत बैंक पहुंची। इसी बीच ग्रामीण भी पहुंचे और पता चला कि एक व्यक्ति बैंक के बरामदे के चैनल गेट के ऊपर से कूदकर अंदर घुस चुका है और भीतर से आवाजें आ रही हैं। मौके पर जांच करने पर पाया गया कि आरोपी ने बैंक के मुख्य दरवाजे के ताले तोड़ दिए थे, भीतर की लाइटें बंद कर दी थीं और सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदल दी थी। आरोपी ने अंदर से दरवाजा बंद कर रखा था। पुलिस और ग्रामीणों की घेराबंदी के बाद आरोपी बाहर निकला, जिसे तुरंत पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लवलेश निर्मलकर पिता माधव निर्मलकर, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बीजाभाठा थाना कुण्डा बताया। जिसे पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

### लॉकर रूम के तीन ताले तोड़ तिजौरी तोडने की कर रहा था तैयारी



#### लॉकर व ताला तोड़ने के औजार साथ लेकर आया था आरोपी

पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कुण्डा में संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में चोरी करने सुनियोजित ढंग से आया था। वह अपने साथ लॉकर तथा ताला लोड़ने के औजार साथ लेकर आया था। जिससे उसने तीन ताले बड़ी आसानी से तोड़ भी दिए थे लेकिन जिस समय वह तिजौरी तोड़ने की तैयारी कर रहा था उसकी समय पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से बड़ी संख्या में औजार तथा एक मोअर सायकल भी बरामद की है।

बैंक के अंदर निरीक्षण में पाया गया कि आरोपी ने लॉकर रूम के तीन ताले तोड़ दिए थे और तिजोरी में रखी नकदी को चोरी करने की तैयारी में था। मौके से ग्राइंडर मशीन का टूटा पत्ती का टुकड़ा और चोरी की नीयत से लाया गया औजारों का बैग बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में रात्रि के समय आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सभी थाना प्रभारियों को पूर्व से ही सतत निगरानी, सघन गश्त और संदेहास्पद परिस्थितियों पर तुरंत कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। पेट्रोलिंग टीम ने इन्हीं निर्देशों के तहत सतर्कता दिखाते हुए वारदात को समय पर रोक लिया। रात में गश्त के दौरान किसी भी संदिग्ध हरकत को हल्के में न लेने के निर्देश दिए गए थे। कुण्डा थाना ने उसी का पालन करते हुए तुरंत प्रतिक्रिया दी, जिससे बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को बड़ा नुकसान होने से बचाया गया और आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कुण्डा में अपराध दर्ज कर लिया गया है और उससे विस्तृत पूछताछ जारी है। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




# धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन

- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कार्यक्रम में रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर आज पीजी कॉलेज डोम में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर देशभर के जनजातीय समुदाय को संबोधित किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने की। मुख्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुण्डा के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से अपने उद्बोधन में जनजातीय समाज के समृद्ध इतिहास, शौर्य, संस्कृति, लोक कला और राष्ट्र निर्माण में उनकी अद्वितीय एवं अभूतपूर्व भूमिका को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में जनजातीय समाज का योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को भारत सरकार द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देश उनकी वीरता, बलिदान और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को याद रखे और जनजातीय समाज की विकास यात्रा को सशक्त दिशा मिले। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉलों में प्रदर्शित योजनाओं, उत्पादों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली और विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रदर्शनी में जनजातीय समाज की परंपराओं, कलात्मकता, आजीविका से जुड़े उत्पादों और शासकीय योजनाओं की उपलब्धियों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया।

#### विभिन्न स्थानों में प्रतिमा स्थापना की घोषणा

उपमुख्यमंत्री ने रेंगाखर, कवर्धा एवं विभिन्न स्थानों में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापना की घोषणा की। इस अवसर पर जनजातीय समाज द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति, नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं और महिलाओं का सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। कृषकों को मसूर मिनी किट प्रदान किया गया। जनजातीय गौरव दिवस पर बढ़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग शामिल हुए और उन्होंने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को गर्व के साथ प्रस्तुत किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्षों को याद किया गया।

# खरीदी के पहले दिन धान बेचने पहुंचे किसानों का केंद्रों में हुआ स्वागत

## अधिकारियों की निगरानी में हुई खरीदी




- तौल तराजू की पूजा कर पूरी की गई शुभारंभ औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश सहित जिले की कृषक सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर बीते कई दिनो से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल शासन-प्रशासन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए निर्धारित 15 नवम्बर तक समाप्त नहीं करा पाई। जिसका व्यापक असर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पहले ही दिन जिलेभर की सेवा सहकारी समितियों में देखने को मिला।

आलम ये था कि समितियों में प्रशासन द्वारा की गई तथा कथित वैकल्पिक व्यवस्था भी पूरी तरह से फेल नजर आई नतीजतन अधिकांश समितियों में पहले दिन धान का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका। खबर के मुताबिक सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जहां अधिकांश समितियों में ताला लटका रहा तो कुछ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समिति के अध्यक्षों में तौल तराजू की विधिवत पूजा अर्चना कर समर्थन मूल्य में धान खरीदी के शुभारंभ की औपचारिता भर पूरी की। जानकारी के मुताबिक बोड़ला धान खरीदी केन्द्र में प्रशासन द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचा और समिति ताला लटका रहा यहां तक बोड़ला समिति में साफ-सफाई तक नहीं हो पाई है।

इसी तरह विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम कोको समिति की बात की जाए तो यहां आज किसी का धान ही नहीं आया. क्योंकि टोकन नहीं कटा था। बताया जाता है कि कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से अभी तक यहां बारदाना का भण्डारण पूरा नहीं हो पाया है।

ग्राम कोलेगांव में समिति के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों द्वारा जरूर समिति का ताला खोलकर तौल तराजू की पूजा अर्चना कर औपचारिकता पूरी की गई। कुल मिलाकर जिलेभर की समितियों में सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल का व्यापक असर पहले दिन से ही दिखाई देने लगा है।

#### प्रशासन की वैकल्पिक व्यवस्था फेल

यहां बताना लाजिमी होगा की प्रदेश सहित जिलेभर की सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर बीते कई दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है और प्रदेश की राजधानी रायपुर में धरना दे रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इतने लम्बे अंतराल के बीच भी शासन इन हड़ताली कर्मचारियों के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाई। जिसके चलते आज समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए शासन द्वारा घोषित 15 नवम्बर की तिथि में धान खरीदी नहीं हो पाई। समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने की बजाए शासन-प्रशासन द्वारा खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर जोर दिया गया और दावा किया गया कि जिले की सभी समितियों में अधिकारियों की ड्युटी लगाकर 15 नवम्बर से खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी। लेकिन वास्तविकता ये है कि प्रशासन का यह प्रयास पूरी तरह से असफल साबित हो रहा है।

## समिति में तौल तराजू की पूजा अर्चना...

**कोदवागोडान।** आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोदवागोडान पंजीयन क्रमांक 2241 में धान खरीदी का शुभारंभ 15 नवम्बर को समिति प्रबंधक गौरव परिमल, समिति अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पत्रकार रविनंदन पाण्डेय, स्वारथ साहू जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 06 एवं समिति के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वहीं सरईसेत धान खरीदी केंद्र में आज की स्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ नहीं हो सका है। जहां कल की स्थिति में आनन फानन में अन्य विभागों से शासकीय सेवकों को प्रभारी एवं नए आपरेटरो की नियुक्ति की गई है बताया जाता है कि यहां समिति कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पूर्व तैयारियां नहीं होने से आज शुभारंभ नहीं हो सका है।



## बाल दिवस व एफएलएन मेले का आयोजन

**कवर्धा।** जिले के लोहारा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला टाटीकसा में बाल दिवस के पावन अवसर पर बच्चों के सीखने और मनोरंजन को समर्पित एक विशेष एफएलएन मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच संगीता अशोक साहू के द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। बाल दिवस को यादगार बनाने के लिए, विद्यालय परिवार ने बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। सभी बच्चों को गुलाल लगाकर उनका अभिनंदन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। वही सरपंच ने इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। एफएलएन मेले के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान सिखाने के लिए विभिन्न रचनात्मक स्टॉल लगाए गए थे। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर उपसरपंच सावित्री साहू, पंच रामेश्वर रजक, रूप सिंह धुर्वे, प्रधान पाठक बलदेव साहू, शिक्षक कांति मरकाम, धनेश तुरकाने, नासिर ख़ान, आदि उपस्थिति रही।

# वन अधिकार कार्यक्रम : वनांचल के ग्रामों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और शिखर युवा मंच के संयुक्त सहयोग से बोड़ला विकासखंड के 20 चयनित ग्रामों में चल रहे वन अधिकार कार्यक्रम की समीक्षा के लिए गत दिनो दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के प्रतिनिधि मृगेंद्र ने शिखर युवा मंच (एसवाईएम) की फील्ड टीम के साथ मिलकर कुल 7 ग्रामों का भ्रमण किया, जिनमें 3 सीएफआर प्राप्त ग्राम कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर तथा 4 लंबित सीआरएफ ग्राम लब्दा, छुही, बांटीपथरा और मुड़घुसरी शामिल थे। इस भ्रमण का उद्देश्य प्रगति, दस्तावेज़ीकरण, दावा प्रक्रिया और समुदाय की सहभागिता का प्रत्यक्ष आकलन करना था। भ्रमण में पाया गया कि सीआरएफ प्राप्त ग्रामों में समिति संरचनाएं मजबूत हो चुकी हैं और एसवाईएम टीम के सहयोग से ग्रामों में विकसित संदर्भ केन्द्रो में सीमांकन नक्शों, दावा फाइलों और बैठक कार्यवृत्तों का सुव्यवस्थित संधारण किया जा रहा है। भरतपुर, कोटनापानी और कुकरापानी के संदर्भ केन्द्र विशेष रूप से मॉडल रूप में उभरते दिखे। वहीं लंबित सीआरएफ वाले ग्रामों में दावा प्रक्रिया, सीमांकन और दस्तावेज अद्यतन से संबंधित मुद्दों पर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। एसवाईएम टीम के सहयोग से महिलाओं और युवाओं की बढ़ती भागीदारी, और सीड बॉल निर्माण, पौधा रोपण तथा लघु वनोपज आधारित आजीविका पहलों ने ग्रामों में सकारात्मक परिवर्तन की गति को और सुदृढ़ किया है। इस विषय को लेकर ग्राम बैजलपुर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मृगेंद्र ने शिखर युवा मंच की टीम, उनकी पारदर्शिता, दस्तावेज़ीकरण पद्धति और समुदाय के साथ सतत संवाद की सराहना करते हुए इसे मॉडल रूप में प्रस्तुत करने योग्य बताया। इस अवसर पर शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने कहा एसवाईएम टीम का प्रयास केवल अधिकार दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम समुदाय में नेतृत्व, आत्मविश्वास और सतत विकास की मजबूत नींव खड़ी कर रहे हैं। आज ग्रामों में जो जागरूकता दिख रही है, वह हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा को प्रमाणित करती है।



छात्रों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना सब की जिम्मेदारी : प्राचार्य

# हाई स्कूल में सामाजिक जागरूकता और संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिक्षा केवल किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाए, इसी उद्देश्य के साथ शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी शिक्षा के क्षेत्र में सतत कार्य कर रहे हैं। अपनी दूरदर्शिता और समर्पण के माध्यम से स्कूल परिसर को सामाजिक चेतना का केंद्र बना रहे हैं, जहां बच्चों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया जा रहा है। उनके नेतृत्व में स्कूल में कई महत्वपूर्ण सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उनका विशेष ध्यान उन सामाजिक कुप्रथाओं और संवेदनशील मुद्दों पर है, जो हमारे समाज को खोखला कर रहे हैं। विद्यार्थियों को बाल विवाह और दहेज कुप्रथा जैसी बुराइयों के कानूनी, भावनात्मक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। उन्हें इन कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहनता से काम किया जा रहा है। शौचालय के उपयोग और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण किंतु अक्सर नजर अंदाज किए जाने वाले विषयों पर खुलकर चर्चा की जाती है। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि उन्हें सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर एक स्वस्थ और प्रगतिशील सोच अपनाने में भी मदद करता है। मासिक धर्म स्वच्छता के वैज्ञानिक पहलुओं और भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को खुले में शौच से होने वाले नुकसान और शौचालय के नियमित उपयोग के महत्व को समझाया जा रहा है। पोषण जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराया जाता है, जिसका उद्देश्य उन्हें कुपोषण से दूर रखना और बेहतर शारीरिक विकास सुनिश्चित करना है। प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी वंचित वर्ग के बच्चों के उत्थान पर भी विशेष बल देते हैं। स्कूल यह सुनिश्चित करता है कि हर बच्चे को समान अवसर मिले और शिक्षा के माध्यम से वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें। विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है कि वे अपने समाज में आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े बच्चों के प्रति संवेदनशील रहें। उन्हें सहयोग, सहानुभूति और समावेशी व्यवहार के महत्व को बताया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।



# प्राथमिक शाला में जागरूकता हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला थाना कवर्धा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला घोटिया में बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

बच्चों को बाल विवाह की रोकथाम, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, ठगी होने पर 1930 हेल्पलाइन, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, गुड टच, बैड टच, अभिव्यक्ति एप और यातायात नियमों के पालन जैसे मुद्दों पर जागरूक किया गया। उन्हें दैनिक जीवन में होने वाली संभावित जोखिमों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया तथा सही समय पर जागरूकता और सतर्कता अपनाने की सलाह दी गई। विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सहायता तंत्र के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे न केवल स्वयं जागरूक रहें बल्कि छात्राओं को भी सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकें। कार्यक्रम में महिला थाना कवर्धा प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वरी साहू, सहायक उप निरीक्षक देमन टेकाम, महिला आरक्षक रजनी टोप्पो, महिला आरक्षक रुकमणी मेरावी, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती निभा मिश्रा, शिक्षिका सीता चंद्रवंशी, वर्षा केसरवानी तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कबीरधाम पुलिस द्वारा बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



# महोत्सव में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से महल होगा गुलजार

## तीन साल बाद लौटेगी खैरागढ़ महोत्सव की रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगीत नगरी में तीन साल बाद एक बार फिर से महोत्सव की रौनक लौटने जा रही है। इंदिरा कला संगीत विवि में तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का आगाज 19 नवंबर से पारंपरिक संगीत, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों से होगा। महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति का शानदार प्रदर्शन होगा, जिसमें विवि के छात्र-छात्राओं की कला भी प्रदर्शित की जाएगी।

संगीत विवि सभाकक्ष में कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा ने महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस दफे महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी। अमेरिका के प्रो. बेंजामिन बून और लंदन के पं. संजू सहाय की प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। इसके अलावा पं. गौरीशंकर कर्मकार गोस्वामी (वृंदावन) उपशास्त्रीय गायन, हरीश तिवारी (दिल्ली) शास्त्रीय गायन, पं. बुधादित्य मुखर्जी (कोलकाता) सितार वादन, व्योमेश शुक्ला (दिल्ली) राम की शक्ति पूजा, शमा भाटे (पुणे) कत्थक नृत्य, सिराज अली खान (कोलकाता) सरोद वादन की प्रस्तुति देंगे। इसे अलावा जितेंद्र कुमार साहू व समूह बालोद के सोनहा बादर, पीसीलाल यादव व समूह गंडई द्वारा दूध मोंगरा के अलावा कविता वासनिक समूह राजनांदगॉव का सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग धारा भी आयोजित होंगा।

### सांसद रहेंगे दूसरे दिन मुख्य अतिथि

महोत्सव के दूसरे दिन 20 नवंबर को सासंद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि, कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष और नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, राजा आर्यव्रत सिंह, मनीष पारख, अमित बरड़िया और हरीश चंद्र जैन के विशिष्ट आतिथ्य में पहले संगीत संकाय की प्रस्तुति होगी जिसके बाद पं हरीश तिवारी का शास्त्रीय गायन, पद्मभूषण बुधादित्य मुखर्जी को सितार वादन, राम की शक्ति पूजा की प्रस्तुति व्योमेश शुक्लाप व समूह द्वारा दी जाएगी अंतिम में दूध मोंगरा की प्रस्तुति होगी।



### संगीत से होंगे परिचित

खैरागढ़ महोत्सव इस बार सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और नृत्य के लिए एक बेहतरीन अवसर साबित होगा। महोत्सव के माध्यम से देश और दुनिया छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और संगीत से परिचित होंगे। - **डॉ. लवली शर्मा,** कुलपति संगीत विवि

### सीएम करेंगे महोत्सव का उद्घाटन

महोत्सव का उद्घाटन 19 नवंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार और उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भी मौजूद रहेंगे। पहले दिन संगीत विश्वविद्यालय के लोकसंगीत एवं कला संकाय की प्रस्तुति होगी। इसके बाद प्रो. बेंजामिन बून और कुलपति डॉ. लवली शर्मा द्वारा प्रतिध्वनि पूरब से पश्चिम तक का सांगीतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन अमेरिका के पं. गौरीशंकर कर्मकार का तबला वादन, उपशास्त्रीय गायन में वृंदावन के आस्था गोस्वामी और सोनहा बदर की प्रस्तुति, बालोद के जितेन्द्र कुमार साहू समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगा

### राज्यपाल की मौजूदगी में होगा समापन

महोत्सव का समापन समारोह 21 नवंबर को राज्यपाल रमन डेका के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस दिन के कार्यक्रम में कुलपति डॉ. लवली शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक यशोदा वर्मा भी मौजूद रहेंगे। समापन समारोह के दौरान कोलकाता के उस्ताद सिराज अली खान का सरोद वादन, लंदन के पं. संजू सहाय का तबला वादन, पूणे की शमा भाटे का कत्थक नृत्य और कविता वासनिक समूह सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग धारा की प्रस्तुति देंगे।

# बिहार की जीत पर मना जश्न

- एनडीए की जीत पर भाजपाईयों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जिला मुख्यालय राजीव चौक में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास साथ जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष डॉ बिसेसर साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और आतिशबाज़ी कर खुशी का इजहार किया।

पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और मोदी है तो मुमकिन है के नारों से गूंज उठा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह जो स्वयं बिहार चुनाव प्रचार में सक्रिय रहे ने जीत को बिहार की जनता के विश्वास और मोदी सरकार के सुशासन की जीत बताया। उन्होंने कहा कि बिहार ने एक बार फिर लालू राज के अराजकता और भ्रष्टाचार को नकारते हुए विकास, स्थिरता और राष्ट्रीय हित के मार्ग को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस राष्ट्रहितकारी राजनीति जन-कल्याणकारी योजनाओं और विकास की गति को जन-जन तक पहुंचाया है उसी पर बिहार की जनता ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि बिहार की यह जीत केवल एक राज्य की विजय नहीं बल्कि देश के विकास राजनीतिक स्थिरता और प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प की जीत है। सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और भविष्य में भी संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।



### विकास की असली धुरी भाजपा

पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि देश की जनता भलीभांति जान चुकी है कि भारत के विकास की असली धुरी भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सुशासन है। उन्होंने कहा कि जनता अब वादों से आगे बढ़कर परिणामों पर वोट दे रही है और परिणाम यह है कि मोदी सरकार ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान और नया अवसर दिया हैं। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, टीके चंदेल, प्रकाश सिंह ठाकुर, शशांक ताम्रकार, गोरेलाल वर्मा, दिनेश वर्मा, शैलेन्द्र मिश्रा, अजय जैन, पुष्पा सिंदूर, मोनिका रजक, नीलीमा गोस्वामी, अनिल अग्रवाल, संदीप वैष्णव, अनुज देवांगन, शैलेन्द्र त्रिपाठी, विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, संजय शर्मा, पीताम्बर वर्मा, धर्मेन्द्र सांखला, आलोक श्रीवास, अयूब खान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### श्रमदान से मैदान की सफाई



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत ने शनिवार को विशेष सफाई अभियान के तहत जन सहयोग मैदान में श्रमदान से सफाई किया। सफाई अभियान में अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद पदमनी ठाकुर, सीएमओ विनम्र जेमा, हरि मालेकर, नवनीत अहीर, प्रवेश ठाकुर आदि शामिल हुए।

### चुनाव में जीत पर मनाया जश्न



**साल्हेवारा।** बिहार में हुए चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत से इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत की खुशी में स्थानीय बस स्टैंड में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू ने कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और स्थिरता को मजबूत करती है।

### कैलाश शर्मा के निवास पहुंचे सांसद



**खुज्जी।** जिला भाजपा के प्रवक्ता कैलाश शर्मा के निवास स्थान पहुंचे सांसद संतोष पांडेय, अंजू त्रिपाठी, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू ने प्रेमलता शर्मा के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात किया।

## पेज 9 के शेष

### धान खरीदी सीजन...

साहू ने 135.60 क्विंटल धान बेचकर रफ्तार बढ़ाई। किसानों ने बताया कि इस बार केंद्रों में इंतज़ार कम है और मशीनें सही चल रही हैं। परंतु कुछ कर्मचारियों के 'अनुपस्थित रहने के पुराने रोग' ने फिर प्रशासन का पारा गरमा दिया।

**अनुपस्थित रहने पर सहकारी समिति कर्मचारी बर्खास्त-** इसी बीच सेवा सहकारी समिति मर्यादित कंतेली के सहायक लिपिक लल्लूराम वर्मा को लगातार अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल के वक्त से लेकर आज तक श्री वर्मा बिना किसी सूचना के गायब थे — शायद खरीदी शुरू होने की तारीख उनके कैलेंडर में चिन्हित ही नहीं थी।समिति प्रबंधन ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी तक चलने वाला अत्यंत संवेदनशील कार्य है। और हाँ—इस बार प्रशासन कुछ ज्यादा ही गंभीर दिखाई दिया। चेतावनी भी मजेदार अंदाज़ में जारी हुईः यदि कर्मचारी अभी भी नहीं सुधरे, तो एस्मा के तहत कार्रवाई होगी—धान खरीदी केंद्र छुट्टी मनाने की जगह नहीं है। आदेश की प्रति सहकारिता विभाग, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और अन्य कार्यालयों को भेज दी गई है, ताकि सबको संदेश साफ हो जाए कि इस बार खरीदी सीजन में 'लापरवाही' नहीं चलेगी।

**17 केंद्रों में 1 हजार 844,.40 क्विंटल—बेहतर शुरुआत, अब बाकी केंद्रों की बारी-** ऊहापोह की मौजूद स्थिति में अपने निर्धारित तिथि पर प्रशासन ने खरीदी प्रक्रिया की शुरुवात कर दी । प्रशासनिक तौर पर दी गई जानकारी अनुसार पहले दिन महज 17 केंद्रों में खरीदी हुई, लेकिन फिर भी धान खरीदी का आंकड़ा 18 सौ क्विंटल पार करना बताता है कि किसानों की तैयारी बेहतरीन है।अब नज़र बाकी 112 केंद्रों पर है, किसान तैयार हैं, फसल तैयार है, बस व्यवस्थाओं को भी थोड़ी और तैयारी दिखानी होगी।

### एप के जरिए...

गया। सहकारिता निरीक्षक रूपाली यादव ने कहा कि धान खरीदी से जुड़े सभी अधिकारियों को हिदायत दी है। उन्होंने कहा है कि खरीदी कार्य से जुड़ी हर स्तर की समस्या का तत्काल समाधान निकाला जाये। किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान सरदा भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, बारगांव, बलौदी के किसान राजेन्द्र यादव, छत्रपाल सिंह, राजू ठाकुर, प्रदीप यादव, राम यादव, दुकालू साहू, छोटू सिन्हा, ललित यादव, बारदाना प्रभारी रमेश साहू, लिपिक देवेंद्र राजपूत, चौकीदार टीकाराम निषाद उपस्थित रहे।

### नवागांव बेरला में...

इस आयोजन को विशिष्ट और अविस्मरणीय बनाता है। समाज इसी एकता के बल पर उन्नति और सम्मान की नई राह बनाता है।

**ये रहे शामिल-** कार्यक्रम युवा मंच के प्रदेश सचिव तोखन सिन्हा, डॉ. ईश्वर सिन्हा, यशवंत साहू ,मनोज सिन्हा,कामता प्रसाद सिन्हा, धन्नू सिन्हा, इंद्रलाल सिन्हा, रुपेश सिन्हा, यशवंत सिन्हा, चंद्रेश सिन्हा, गोविंद सिन्हा, रमेश सिन्हा, रमेश साहू, थानू सिन्हा, भानु सिन्हा, सुंदर सिन्हा, अर्जुन सिन्हा, गजेंद्र सिन्हा, तरुण सिन्हा, मिथलेश सिन्हा, दिलहरन सिन्हा, तुलेराम सिन्हा, शिव सिन्हा, राजू सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा एवं अन्य ग्रामीणजन शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### मारवाड़ी सेवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर



**थान खम्हरिया।** रक्तदान शिविर का आयोजन मथुरादास गुलाबचंद सिंघानिया धर्मशाला में किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया 61 लोगों ने रक्तदान दिया। इस दौरान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर वक्ताओं ने रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित किया वहीं मानव जीवन के लिए रक्तदान के महत्व पर चर्चा की गई शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अग्रवाल नव युवक मंडल के द्वारा पुनीत कार्य के लिए साधुवाद ज्ञापित किया। साथ ही अपील भी किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान शिविर लगाकर लोगों का जीवन बचाने जैसा पुनीत कार्य करें। वही रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को आयोजन समिति के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगरवासी एवं प्रबुद्ध जन अलाव विकास बंसल, साकेत अग्रवाल, राम अग्रवाल, अंकित बिंदल, यशेष अग्रवाल, सोमराज बिंदल, रौनक मुरारका, शुभम केडिया, आयुष बंसल, आशुतोष सिंघानिया, विवेक डोकानियां का सराहनीय योगदान रहा।

### हरदीप सिंह ने श्री हरिमंदिर साहिब दरबार में टेका मत्था



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के बेमेतरा जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने श्री हरिमंदिर साहिब दरबार साहिब अमृतसर पहुंचकर दरबार में माथा टेककर छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि, शांति और भाईचारे के लिए अरदास की। हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने कहा कि गुरु रामदास महाराज की रहमत से छत्तीसगढ़ की धरती सदा खुशहाल रहे, प्रदेश में अमन-चैन व प्रेम-भाईचारा बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि सिक्ख समाज समाजहित और प्रदेशहित में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा गुरु की शिक्षाएं है कि सिक्ख समाज हमेशा मानवता, सेवा और एकता के मार्ग पर चलता आया है।

### नवागढ़ में विकास कार्यों के लिए 14 लाख रुपये की स्वीकृति

**बेमेतरा।** विधानसभा नवागढ़ स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ मे विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 14 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। दयालदास बघेल मंत्री एवं विधायक नवागढ़ की अनुशंसा पर कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम पंचायत रमपुरा के आश्रित ग्राम जैतपुरी में सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत परसदा के आश्रित ग्राम बुंदेली में जोड़ा जैतखंभ के पास रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपये, ग्राम पंचायत बुंदेली में रंगमंच निर्माण (मेहर समाज मोहल्ले में) कार्य के लिए 3 लाख रूपये, ग्राम पंचायत रमपुरा के अश्रित ग्राम जैतपुरी में साहड़ा देव के पास रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपये, ग्राम पंचायत रमपुरा के आश्रित ग्राम जैतपुरी के तालाब में पचरी निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपये, इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसदा के गौठान में साहड़ा देव के पास चबूतरा निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कंक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाया जावे।

## निधन

### शांति बाई अग्रवाल



**देवकर।** शांति बाई अग्रवाल (95) का 14 नवंबर शाम 5 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे काफ़ी समय से अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे रिटायर्ड शिक्षक ललित अग्रवाल कि माता व मोनू अग्रवाल कि दादी थी। अंत्येष्टि में परिजन, सामाजिक बंधु, नगरवासि सम्मिलित हुए।

# खेल-खेल में पढ़ना-लिखना सबसे बेहतरीन तरीका है : वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटीकला में बच्चों में पढ़ने लिखने और गणना करने की बुनियादी क्षमता विकसित करने हेतु एफएलएन के महत्व से अवगत कराने बाल दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटी कला में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक आर के वैष्णव ने स्वागत उद्बोधन में मेला के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

संकुल समन्वयक ए के ताम्रकार ने बताया कि वर्ष 2027 तक निपुण भारत के तहत कक्षा तीसरी तक अध्यनरत सभी विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की समझ में पूर्ण दक्षता हासिल की जानी है। प्राचार्य आर एस वर्मा ने मेला के भव्य आयोजन पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की एवं उपस्थित पालकों को बच्चों की शिक्षा में प्रगति हेतु घर पर समय देने की बातें कही। साथ ही विगत दिनों हुए जोन स्तरीय सांसद खेल में विजयी बालक-बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। एफएलएन मेला का आयोजन प्राथमिक शालाओं के बच्चों द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों के स्टॉल लगाया गया। मेला में बालवाड़ी, हिंदी ,गणित, अंग्रेजी विषयों पर गतिविधि आधारित टीएलएम रखा गया था।

### बाल दिवस पर एफएलएन और आनंद मेला से बच्चों ने सीखा और मनाया उत्सव

#### गुलगुल भजिया बनाकर बच्चों ने किया आनंद मेला

एफएलएन मेला के तत्पश्चात प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों ने आनंद मेला का आयोजन किया। आनंद मेला में बच्चों ने विभिन्न प्रकारों का व्यंजन लगाए। जिसमें मुख्य रूप से गुपचुप ,समोसा, इडली , भेलपुरी, मिर्ची भजिया, बड़ा, चना चटपटी, गुलगुल भजिया बनाकर बच्चों ने आनंद मेला किया। शिक्षक,पालक एवं विद्यार्थी एक-दूसरे के पास जाकर व्यंजनों का स्वाद चखा।



#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत खैरझिटी कला सरपंच पीतांबर पटेल , शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पीलू पटेल, डॉ. लव पटेल विधायक प्रतिनिधि डॉ लव पटेल, प्राचार्य आर एस वर्मा, संकुल समन्वयक ए के ताम्रकार ,एस बी साहू, एम एन नेताम,एन के साहू ,भूषण साहू , प्रधान पाठक आर के वैष्णव, शिक्षक डीसी साहू ,ए जी मारकंडे, डी के श्रीवास, डी पटेल सफाईकर्मी मोहित पटेल,बिंद कुमार राजपूत एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## आयोजन: जनजातीय गौरव दिवस में संस्कृति और सम्मान का उत्सव

# धूमधाम से मना भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर शनिवार बेमेतरा जिले में जनजातीय गौरव दिवस बड़े उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति की अद्भुत झलक, जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास का प्रदर्शित सम्मान और विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेरणादायक वक्तव्य कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन के साथ हुई। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज ने अपने अनोखे साहस, बलिदान और दृढ़ इच्छाशक्ति से अमूल्य योगदान दिया है, जिसे देश सदैव याद रखेगा।

टाउन हॉल में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया, जिसमें



मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज की ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, परंपराएँ और प्रकृति संरक्षण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। विधायक श्री चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि जनजाति समाज प्रकृति का संरक्षक है। जल, जंगल और जमीन से जुड़कर यह समाज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। सरलता, सहजता और आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन करने वाला जनजाति समाज हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और धरोहर को जीवंत रखने में अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है और प्रति क्विंटल 3100 की दर से 21 क्विंटल



प्रति एकड़ धान खरीदी कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्यरत है। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि जनजातीय समाज ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान दिया बल्कि समाज निर्माण में भी अपनी विशिष्ट भूमिका दर्ज कराई है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के अद्भुत बलिदान को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताया। इस दरमियान साजा विधायक ईश्वर साहू ने भी संबोधित किया।

#### जनजातीय संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुत

इस मौके पर जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनजाति समाज के ऐतिहासिक गौरव, वीरता और लोकजीवन की झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में जनजातीय समाज का गौरव बढ़ाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों, समाज प्रमुखों, शैक्षणिक व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

#### सम्मान, संस्कृति और संकल्प का दिवस

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, छात्र-छात्राएँ और जनजातीय समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान "भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें" के जयघोष से माहौल उत्साहपूर्वक गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन द्वारा सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रति संकल्प लिया गया। जनजातीय गौरव दिवस बेमेतरा में सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि संस्कृति, सम्मान और एकता का उत्सव बन गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू सहित जिला अधिकारी कर्मचारी सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

# एफएलएन मेले में लगाए गए 50 स्टाल रहे आकर्षण के केन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्राथमिक शाला भेंडरवानी में एफएलएन मेला का सफल आयोजन

प्राथमिक शाला भेंडरवानी संकुल केंद्र बेलगांव विकासखंड साजा में शुक्रवार एफ एल एन मेला का आयोजन किया गया। मेले में 50 विविध शैक्षिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें भाषा, गणित, कला, विज्ञान तथा खेल आधारित सीखने की गतिविधियों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा एवं सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ।

मेले का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान को आनंदमय तरीक़े से विकसित करना था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सभी स्टॉलों में भाग लिया और अपनी सीखने की क्षमता का सुंदर प्रदर्शन किया। भाषा स्टॉलों में वर्णमाला पहचान, शब्द निर्माण, कहानी सुनाओ–कहानी बनाओ, तथा अक्षर बिंगो जैसी गतिविधियों ने बच्चों का खूब मन मोह लिया। कुल 50 स्टाल लगाए गये जो आकर्षण के केन्द्र रहे।

#### खेल खेल में बच्चों ने सीखा

गणित स्टॉलों में संख्या पहचान, जोड़–घटाव, पैसे की पहचान, तथा आकृति एवं पैटर्न से जुड़े खेलों ने बच्चों की समझ को और मजबूत किया। कला स्टॉलों में ड्राइंग, कलरिंग, क्ले आर्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, एवं ओरिगामी गतिविधियों ने बच्चों को सृजनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया। विज्ञान एवं पर्यावरण स्टॉलों में जल संरक्षण, सौर ऊर्जा मॉडल, जल शोधक मॉडल, तथा स्वच्छता एवं पोषण से जुड़े प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समुदाय सहभागिता के लिए माता-पिता सुझाव डेस्क, तथा स्थानीय कला संस्कृति प्रदर्शनी भी लगाई गई। मेले के दौरान पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण रहा। छात्र–छात्राओं ने अपने कौशल, रचनात्मकता और सीखने की क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिक्षकगणों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने बताया कि ऐसे मेले बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होते हैं और सीखने को रोचक व प्रभावी बनाते हैं।

# कस्तूरबा विद्यालय में मनाया धूमधाम से बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल देवो भव को चरितार्थ करते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेमेतरा में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया सभी शिक्षिकाओं ने बालिकाओं को अक्षत, गुलाल, कुमकुम से तिलक लगाकर बाल दिवस की शुभकामनाएं दी इसके साथ ही खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालिकाओं को सम्मानित किया गया बाल दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन, गीत, कविता ,चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शिक्षिकाओं ने चाचा नेहरू के कार्यों तथा उनके जीवन पर प्रकाश डाला शिक्षिका राजकिरण मिश्रा ने बच्चे मन के सच्चे गीत प्रस्तुत किया गया जिसे सुनकर बच्चें बहुत आनंदित हुए। अधीक्षिका भारती धृतलहरे ने बच्चियों को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी अंत में बच्चों को कुर्सी दौड़, रस्साकसी, फुगड़ी,जलेबी दौड़ जैसे विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया विजेता खिलाड़ियों को अधीक्षिका भारती धृतलहरे द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार का सहयोग रहा।





# खपरी धोबी स्कूल में जारी जनजातीय पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी विकास खंड साजा में जनजातीय गौरव पखवाड़ा ,मनाया गया, संस्कृति के रक्षक, प्रकृति की संतान बिरसा मुंडा जनजातीय के वेषभूषा मे स्कूली बच्चे दिखे। प्रधान पाठक धनेश रजक ने बिरसा मुंडा के जीवन गाथा के बारे मे विस्तार से बताया गया। बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी लोक नायक और धार्मिक सुधारक थे, जिनका जन्म 15 नवम्बर 1857 को हुआ था, उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान आंदोलन चलाया था।

जिसका लक्ष्य आदिवासी भूमि जल जंगल जमीन पर आदिवासी का अधिकार स्थापित करना था, वह धरती आबा के नाम से जाने जाते हैं। और उन्हें झारखंड के लोगों के द्वारा भगवान माना जाता है। बिरसा मुंडा के रूप मे लोमस निर्मलकर कक्षा पांचवी, आदिवासी जनजातीय साथी के रूप मे डोगेन्द्र निर्मल कर कक्षा चौथी व लक्ष्मण निर्मलकर कक्षा दूसरी लक्ष्मण निर्मल कर जो मुकबधिर विद्यार्थी है, जिन्होंने इशारे से बहुत सुंदर आदिवासी का रोल किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनेश रजक प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम,शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप, स्वयं सेवी शिक्षिका गुनिता यामिनी निर्मलकर व सभी विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

# एफएलएन मेला में बच्चों ने लिया खेल-खेल में सीखने का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

- देवकर में संयुक्त रूप से हुआ एफएलएन मेला क्रा आयोजन

नई शिक्षा नीति के निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लक्ष्य को प्राप्त करने देवकर में शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर, शासकीय बालक प्राथमिक शाला देवकर, शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा देवकर में क्रा संयुक्त रूप से एफ एल एन मेला क्रा आयोजन किया गया। जिसमें करके देखबो सीख के रहिबो के स्लोगन के अनुसार हिन्दी गणित और अंग्रेजी के स्टाल लगाए गये। जो की बच्चो के स्तर अनुरूप विभिन्न अवधारणाओं पर आधारित थे जिसमें मेला क्रा प्रारंभ सरस्वती पूजा के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती बच्चों द्वारा किया गया। मेला प्रारंभ होते ही बच्चों ने अपने स्टाल क्रा संचालन करना शुरू किया एक मेले की ही भांति बच्चें सभी स्टाल मे जाकर सीखने की प्रक्रिया मे शामिल हुये बच्चों ने स्वयं सीखा और सिखाया ये दृश्य बहुत ही सुंदर और रोचक था मुख्य रूप से जोड़, घटाना, मौखिक भाषा,कलर्स नाम,बॉडी पार्ट,क्रम्सुच्क संख्या, आकृति पहंचान, एक्शन वर्ड शब्द भंडार शामिल थे। पहले और बाद की संख्या बच्चों के साथ पालक और शिक्षकों ने भी मेले मे भाग लेकर स्टाल से अवधारणा को समझा।



#### ये रहे उपस्थित

उक्त कार्यक्रम सीएसी प्रकाश कुंजाम की मॉनिटरिंग मे संपन्न हुवा तथा प्रधान पाठक कन्या गिरिज़ा पटेल, प्रधान पाठक बालक अहिल्या कुंजाम, प्रधान पाठक डीहपारा राजूदास म्रिचन्दे, प्रधान पाठक मिडिल कन्या प्रतिभा चौबे, हरेंद्र यादव, वीणा रावटे,रश्मि यद्ु, फ़रहद खान,गीतांजलि अग्रवाल, पुष्पा महेशिया, सुनीता, सुंदर,खेमा ओम पूरी और शाला के बच्चे उपस्थित उपस्थित रहें।

## 10 कार्यकर्ता और 10 सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

# बेरला में हुआ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बाल पोषण, गोदभराई और अन्नप्राशन के माध्यम से जागरूकता फैलाने के प्रयास

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं के सम्मान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला द्वारा कृषि उपज मंडी, नगर पंचायत बेरला में किया गया। परियोजना अधिकारी डॉ. विद्यानंद बोरकर एवं पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं की मौजूदगी में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 10 सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, बालगीत एवं विविध प्रस्तुतियाँ दी गईं। परियोजना अधिकारी द्वारा कुपोषण उन्मूलन, बाल-विवाह रोकथाम तथा पोषण आहार पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। पोषण जागरूकता हेतु ठेठरी, खुरमी, अइरसा, रेडी-टू-ईट लड्डू, स्थानीय साग-सब्जियों सहित विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। कल्पना अले, पर्यवेक्षक, द्वारा गोदभराई एवं अन्नप्राशन के उद्देश्य व महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।



#### ये रहे उपस्थित

अंत में परियोजना अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त कर समारोह का विधिवत समापन किया गया। इस दरमियान कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला पंचायत सभापति अंजनी कुमार चंदेल,बलराम पटेल (प्रतिनिधि उपाध्यक्ष जिला पंचायत), संध्या परगनिहा, विशाल देशलहरा (अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला), डोमेन्द्र राजपूत (अध्यक्ष, भाजपा मंडल), सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामंट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411